

## खबर संक्षेप

### सड़क किनारे गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका केशगवां निवासी मनीष कुमार आ. स्व. बेदराम (27 वर्ष) गत दिन बाइक से ग्राम करजी निवासी बहन क ससुराल घुमने अकेले आया था। बहन से मिलने के पश्चात शाम को युवक वापस घर जाने के लिए निकला। आज सुबह बहन के ससुराल वालों ने मनीष के परिजन को फोन कर पूछा कि मनीष पहुंचा कि नहीं तो परिजन ने बताया कि मनीष वापस नहीं लौटा है। जिस पर परिजन करजी क्षेत्र में आकर पता किया तो पता चला कि युवक शाम को सड़क किनारे अनियंत्रित हो कर गिर गया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहुंचे तो युवक मृत हालत में मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के शंकरघाट स्थित निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सेंट्रिंग व अन्य निर्माण सामग्रियों को पार कर दिया है। फ़लिहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बता दें कि शासन द्वारा नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति दी गई है। करोड़ो रूपए की लागत से शहर के शंकरघाट सहित अन्य स्थानों पर एसटीपी का काम चल रहा है। इस बीच 29 मार्च की रात चोरों ने अंदर प्रवेश कर परिसर में मौजूद सेंट्रिंग प्लेट व अन्य निर्माण सामग्री को पार कर दिया। चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग 70 हजार रुपए आंकी गई है। इस मामले में एसटीपी के सिक्योरिटी इंचार्ज संतोष कुमार मिश्रा ने कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

### आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए समिति गठित

**बलरामपुर।** जिले में एलपीजी सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल, उर्वरक एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने तथा इन वस्तुओं की कालाबाजारी, जमाखोरी, तस्करी एवं एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर कलेक्टर आरएस लाल अध्यक्ष होंगे। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, जिला खाद्य अधिकारी विनय भूषण कुजूर, उप संचालक कृषि रामचन्द्र भगत, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेश पैकरा, तथा जिला विपणन अधिकारी सुश्री प्रितिका पूजा केरकेट्टा को सदस्य बनाया गया है। जिला स्तरीय समिति द्वारा आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, भंडारण, वितरण एवं परिवहन व्यवस्था की सतत निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कंचनपुर में ग्रामीण चार साल से हो रहे परेशान

# टंकी बनी, पाइप लाइन विस्तार फिर भी पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर में गिरावट आनी शुरू हो जाती है, इसके चलते जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। लोगों के घर-घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए केन्द्र की जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से करोड़ो रूपए पानी के लिए बहा दिए गए, बावजूद इसके योजना का लाभ किसी भी पंचायत क्षेत्र में नहीं मिल रहा है। उक्त योजना के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत क्षेत्रों में लाखों की पानी टंकी, लोगों के घरों के सामने नल के कनेक्शन के पोस्ट खड़े-खडे शोभा बढ़ा रहे है।

विभिन्न कारणों से जिले के पंचायत क्षेत्रों में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा नहीं हो पाया, इसके चलते जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण परिवारों को इस गर्मी में पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। खासकर गर्मी के शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगता है। ज्यादातर गांव में हैंडपंप पेयजल प्राप्त करने के प्रमुख माध्यम है, लेकिन गर्मी के शुरूआत होने के साथ ही कई क्षेत्रों में जल स्तर घटने के कारण हैंडपंप भी किसी काम के नहीं रह जाते। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक हैंडपंपों में कुछ बिगड़े पडे हैं तो कई हैंडपंप के हलक अभी से सूखने लगे हैं।



पाइप लाइन में बांधी गई बकरी।



खस्ताहाल स्टैंड पोस्ट।




निर्माण कार्य का लगा बोर्ड।

### लाखों खर्च के बाद भी टंकी प्यासी

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत 126.1 लाख रूपए योजना के तहत स्वीकृत की गई थी, इससे पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार हुआ, नल के कनेक्शन दिए गए, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। यहां वर्ष 2022 में उक्त योजना के तहत कार्य प्रारंभ हुआ था और चार साल बीतने के बाद भी लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा हैं।

### मुख्यालय से सटी पंचायत का हाल बेहाल

जल जीवन मिशन के तहत हर घर पेयजल पहुंचाने की योजना जल जीवन मिशन योजना का हाल कोरिया जिले में ठीक नहीं है। पानी के लिए करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्थिति चिंताजनक है। ऐसा हाल जिले के दूरस्थ क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कंचनपुर का हाल भी बेहाल है। यहां भी उक्त योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना दम तोड़ चुकी है। इसी से समझा जा सकता है कि जिले में जल जीवन योजना का क्या हाल है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम पंचायत कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण किया गया। गांव में पाइप लाइन का विस्तार भी किया गया और लोगों के घरों के सामने नल के कनेक्शन देकर पोस्ट भी खडे कर दिए गए हैं, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद अब तक पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, इसके चलते लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

### एक बाल्टी पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

ग्राम कंचनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन केनल में पानी ही नहीं आता है, टंकी सूखा पड़ा है, ऐसे में कई ग्रामीण परिवार हैंडपंप के सहारे हैं, जहां से एक बाल्टी पानी के लिए भी उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। कई लोगों के स्वयं के पेयजल साधन हैं, लेकिन कई लोग सार्वजनिक हैंडपंप के सहारे हैं, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में कोरिया की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- युवा संसद में लगातार तीसरी बार विजेता

संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025-26 में कोरिया जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ जिले ने प्रतियोगिता में हैट्रिक बनाई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में कोरिया की टीम ने यह सफलता प्राप्त की। युवा संसद के नोडल अधिकारी एएल गुप्ता के सहयोग में प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र पाल, परियोजना अधिकारी श्री पटेल एवं सहायक प्रभारी अनुराधा सोनपाकर, स्वीटी मिश्रा, अभिषेक कुमार गुप्ता और सौरभ नामदेव के साथ शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय बैकुंठपुर एवं सेजस बैकुंठपुर के 50 छात्र-छात्राओं की टीम ने 29 मार्च को अंबिकापुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में कोरिया जिले को विजेता घोषित किया गया। साथ ही प्रतिभागी आरजू अंसारी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री, रोहित तिर्की को सर्वश्रेष्ठ सांसद एवं लक्ष्मी सिंह को सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम केदौरान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती जे. दुबे को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया, वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर के प्राचार्य भंवर पाल सिंह को उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है।



### कृषि आदानों में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ 2026 सीजन में किसानों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की समय पर एवं निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर एमसीबी के निर्देश पर उप संचालक कृषि, जिला एमसीबी ने कृषि आदानों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। इस उद्देश्य से जिले में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है, जो सतत रूप से निरीक्षण कर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के स्टॉक, वितरण एवं मूल्य की जांच करेगी। टीम द्वारा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता/संस्था के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से

**मनेन्द्रगढ़।** श्री सिद्धपीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 14 झगराखांड रोड में 1 एवं 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा इस आयोजन के लिए नगरवासियों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।



कार्यक्रम की शुरूआत 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 8 बजे से अखंड रामायण पाठ के साथ होगी। 2 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 8:30 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, इसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। उसी दिन प्रातः 11 बजे से विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण (भंडारा) रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## चिरमिरी में ऑल इंडिया मुशायरा नामी शायरों ने दी प्रस्तुति

- देशभर के शायरों ने बांधा समां

**वेस्ट चिरमिरी।** मंगलवार को बड़ा बाजार चिरमिरी में ऑल इंडिया मुशायरा एवं शाम ए सूफी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छग उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित इस मुशायरे में देशभर के नामी शायरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाराजा अग्रसेन भवन बड़ा बाजार में आयोजित इस शानदार कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा किया गया। इसके बाद कई नामचीन शायरों ने अपनी शायरी से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

शायरों में शेख निजामी जबलपुर, आलोक नारायण महाराष्ट, हाजी इसराइल साद दुर्ग, इरफानुद्दीन इरफान रायपुर, विजय सोनी शान बैकुंठपुर, श्याम कश्यप बेचैन अंबिकापुर, कासिम अली फूल वाला मनेन्द्रगढ़, सीएल मिश्रा साहिल चिरमिरी, मोहम्मद ताहिर आजमी बैकुंठपुर और रमेश गुप्ता मनेन्द्रगढ़ ने अपनी शायरी से समां बांध दिया। रमेश गुप्ता की शायरी सलामत हमारी मोहब्बत रहेगी,भले दरमियां कुछ शिकायत रहेगी। इसी सरजमीन पर जिएंगे मरेंगे, वतन से वफा ताकयामत रहेगी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कासिम अली फूल वाला की इस शायरी ने भी सभी का खूब मनोरंजन किया। माना गुलों के काम के हम खार नहीं है, कारगर भले ना हो बेकार नहीं है, कांटों से भी कांटे निकाल लेते हैं कुछ लोग,कैसे कहें कि हम आपस में दरकार नहीं है। देशभर से आए शायरों की बेहतरीन शायरी के बाद आर के लाइव ग्रुप नई दिल्ली के द्वारा जोरदार सूफी गायन किया गया, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, महापौर रामनरेश राय, कार्यक्रम व्यवस्थापक माबूद अली, जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा असलम खान, सचिव उर्दू अकादमी रायपुर, मनीष खटीक, शहाबुद्दीन, नरेन्द्र साहू पार्षद गण, ज्ञानी गुरमीत सिंह, पूरनचंद जैन, हाजी इश्तियाक अहमद, मौलाना जाहिद हसन पेश इमाम जामा मस्जिद, समेउद्दीन सिद्दीकी प्रभारी बिलासपुर संभाग भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हाजी अशफाकउल्ला सिद्दीकी बदरू जमां अंसारी पूर्व सदस्य उर्दू अकादमी, नासिर खान मुश्ताक अली हाजी सफीकुल्लाह नियाजी और अल्ताफ अहमद के साथ दर्शकों की काफी संख्या में भीड़ रही।

### राष्ट्रीय स्पर्धा में स्वाति ने जीता गोल्ड

**अंबिकापुर।** जिले की होनहार खिलाड़ी स्वाति राजवाड़े ने खेलो इंडिया अस्मिता नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है। वहीं, सोनिया सिंह ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में पाँचवां स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तमिलनाडु में 26 से 29 मार्च तक आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम में देशभर के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 944 महिला खिलाड़ी शामिल हुईं, जबकि 200 से अधिक अधिकारियों ने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व, स्वाति राजवाड़े एवं सोनिया सिंह ने खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग लीग (वेस्ट जोन) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना चयन सुनिश्चित किया था। प्रतियोगिता के दौरान छत्तीसगढ़ टीम के साथ कोच के रूप में सरवर एक्का एवं अमन सोनी ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

# नेता प्रतिपक्ष बोले-जितनी मेहनत करनी चाहिए श्यामबिहारी उससे कहीं ज्यादा कर रहे हैं, मेरी शुभकामनाएं उनके साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- मनेन्द्रगढ़ की धरती से गूंजी मंत्री जायसवाल के कार्यों की धमक

छग की सियासत में कथनी और करनी का अंतर अक्सर चर्चा में रहता है, लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अपने विभाग के प्रति समर्पण और दिन-रात की मेहनत से एक नई इबारत लिख दी है। उनकी कार्यशैली का जादू अब केवल सत्तापक्ष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रदेश के सबसे अनुभवी राजनेता और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी उनके कायल नजर आ रहे हैं। मनेन्द्रगढ़ प्रवास पर पहुंचे डॉ. महंत ने स्वास्थ्य मंत्री के कार्यों पर जो मुहर लगाई है, उसने राजनैतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

मनेन्द्रगढ़ के स्व. बिसाहू दास महंत पार्क में मीडिया से चर्चा के दौरान जब पत्रकारों ने अन्य मंत्रियों की कथित नाराजगी पर सवाल पूछा, तो डॉ. महंत ने बेहद सधे हुए और सकारात्मक अंदाज में स्वास्थ्य मंत्री का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल हमारे क्षेत्र के नेता हैं, हमारे अपने हैं। मैं देख रहा हूं कि वे विभाग के लिए जितनी मेहनत करनी चाहिए, उससे भी कहीं ज्यादा जी-जान से जुटे हुए हैं। हम तो मान रहे हैं कि हमारे मंत्री बहुत अच्छा ⏭ शेष पेज 4 पर



### विभागीय समर्पणः सुर्खियों में मंत्री का विजन

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए मोर्चा संभाल रखा है। चाहे वह अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्तियां सुनिश्चित करना हो या दूरस्थ अंचल तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना। उनका हर कदम जनता के हित में उठ रहा है। यही कारण है कि आज विपक्षी खेमे के सबसे बड़े हस्ताक्षर भी उनके काम को अनुकरणीय मान रहे हैं।




## खबर संक्षेप



### जर्जर छात्रावास भवन के सुधार कार्य को मिली स्वीकृति

**सलका अघिना।** सत्य नगर क्षेत्र में आदिवासी बालक आश्रम छात्रावास की जर्जर स्थिति को लेकर लगातार आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह की मेहनत आखिरकार सफल हुई। उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप अब प्रशासन ने भवन के मरम्मत सुधार कार्य को स्वीकृति दे दी है। ज्ञात हो कि छात्रावास का भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में था, जिससे छात्रावास के बच्चों के सिर पर हमेशा खतरा मंडरा रहा था। छत से प्लास्टर गिरना, दीवारों में दरारें और सुविधाओं का अभाव के कारण बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई थीं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए अभय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की थी। उनकी सक्रिय पहल और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के चलते अब प्रशासन हरकत में आया है और भवन की मरम्मत के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जल्द ही कार्य शुरू होने की उम्मीद है, जिससे बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सकेगा।

### संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में कोरिया रहा विजेता

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज के सभागार में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संभाग के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर एवं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शन संभागीय आयुक्त नरेंद्र दुग्गा के मार्गदर्शन में संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद चिंतामणि महाराज ने की। विशिष्ट अतिथियों में महापौर मजूषा भगत, अखिलेश सोनी, अनिल सिंह मेजर, मधुसूदन शुक्ला, मनोज गुप्ता, आलोक दुबे, तजिंदर बाबरा सहित शिक्षाविद एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को लोकतंत्र की मूल भावना से अवगत कराते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक शक्ति जागरूक एवं सक्रिय नागरिकों पर निर्भर करती है। सांसद चिंतामणि महराज ने कहा कि युवा संसद विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रिया की गहराई से समझ प्रदान करती है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने युवाओं से अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने की बात कही। प्रतियोगिता में प्रत्येक जिले से 48-48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरिया जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरगुजा उपविजेता रहा। इसके अतिरिक्त विभिन्न आठ उत्कृष्ट भूमिकाओं के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अलंकरण समारोह अंतर्गत तीन व्याख्याताओं को शिक्षा श्री सम्मान तथा पांच प्राचार्यों को उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों को प्रमाणपत्र के साथ 10 हजार एवं 2 हजार की राशि प्रदान की गई।

### नशेड़ी स्कूली वैन चालक को यातायात पुलिस ने पकड़ा

**सूरजपुर।** स्कूली बच्चों का परिवहन कर रहे नशेड़ी ईको चालक को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा। यातायात पुलिस ने चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिले के यातायात को सुगम, सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर निर्देश पर निरंतर यातायात व थाना-चौकी की पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय टीम के साथ चंदरपुर चौक में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ईको वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 6127 का चालक नरसिंह (30 वर्ष) पहुंचा तो यातायात पुलिस ने चालक का ब्रीथ एनालाइजर मशीन से चेक करने पर चालक शराब के नशे में पाया गया तथा बिना परमिट के स्कूली बच्चों का परिवहन भी कर रहा था। मामले में धारा 185, 66/192 एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर वाहन को जब्त किया गया। यातायात पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को वाहन की व्यवस्था कर उन्हें सकुशल उनके घरों तक पहुंचवाया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के सुरक्षित स्कूल आवागमन को लेकर किसी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वाहन स्वामी एवं चालक यातायात नियमों का पालन कर वाहन का परिचालन करें। लापरवाही पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।



संलग्न आरएचओ गए मूल पदस्थापना स्थल

# उप स्वास्थ्य केंद्र में एक सप्ताह से लटक रहा ताला, बैरंग लौट रहे दूरस्थ गांवों के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

स्वास्थ्यकर्मियों के अभाव में पिछले एक सप्ताह से उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में ताला लटका है तथा दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। हर दिन दूरस्थ क्षेत्रों से पीड़ित पैदल लम्बा सफर कर स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं तथा ताला लटका देख बैरंग वापस लौट जा रहे हैं।

**खास बातें**
- महिला आरएचओ की ड्यूटी टीकाकरण में
- गर्मी में बढ़ेगी स्वास्थ्य समस्याएं

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने शासन द्वारा लम्बे समय से ग्राम पंचायत महुली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से स्वास्थ्य कर्मियों के अभाव के कारण स्वास्थ्य केंद्र बंद पड़ा है जिससे दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आरएमओ शैलेन्द्र कुमार अग्रहरी की 17 फरवरी को हृदयघात से मौत होने के उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कठिन परिस्थितियों से जूझ रहा है। शासन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरएमओ सहित दो आरएचओ को पदस्थ किया गया था। आरएमओ की मौत होने के बाद आरएचओ अजीत कुमार राय स्वास्थ्य केन्द्र की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। स्वास्थ्य अमले की कमी को देखते हुए सीएमएचओ कार्यालय द्वारा उन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र महुली में संलग्न किया गया था जबकि महिला आरएचओ अनामिका तिर्की को प्रारंभ से ही ग्रामीण क्षेत्र की शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाल ही में राज्य शासन ने संलग्नीकरण को समाप्त करते हुए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मूल पदस्थापना स्थल कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश जारी किया है।

निर्देश पर संलग्न आरएचओ अजीत कुमार राय अपने मूल पदस्थापना स्थल उप स्वास्थ्य केन्द्र पासल चले गए है। ऐसे में पिछले एक सप्ताह से टीकाकरण में व्यस्त रहने वाली एकमात्र आरएचओ अनामिका तिर्की के भरोसे हो गया है। अकेली आरएचओ ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण कार्य में व्यस्त होने के कारण स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटक रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की कमी दूर करने विभाग द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है जिसके कारण स्वास्थ्य केंद्र कब खुलेगा इसका कोई ठिकाना नहीं है।



बंद उप स्वास्थ्य केन्द्र।

**बैरंग लौट रहे मरीज**

दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है। क्षेत्र में प्राइवेट चिकित्सक भी नाममात्र के हैं। नीम हकीमों से दूरी बनाने के कारण क्षेत्रवासी पूरी तरह से उप स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। उप स्वास्थ्य केंद्र की सीमा में लुल्ह, मुण्डा, तेलाईपाठ जैसे गांव है जिनकी स्वास्थ्य केन्द्र से दूरी 30-40 किमी है। इन गांवों से आवागमन के लिए पैदल सफर के अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं है। हाल में हुई ओलावृष्टि के बाद गर्मी बढ़ने के बाद बड़ी संख्या में लोग सर्दी-खांसी एवं बुखार से पीड़ित हो रहे है तथा पैदल सफर कर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। भविष्य में गर्मी बढ़ने पर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने की स्थिति में लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है।

**गर्मी में होती है डायरिया की समस्या**

उप स्वास्थ्य केंद्र के अधीन क्षेत्र के 11 दूरस्थ गांवों को जोड़ा गया है। स्वास्थ्य केंद्र पर इन गांवों में नियमित टीकाकरण अभियान चलाने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में दूरस्थ गांवों में डायरिया एवं मलेरिया की समस्या होती है तथा बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी खतरनाक साबित हो सकती है। स्वास्थ्य केन्द्र में शीघ्र कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं की गई तो कभी भी स्थिति बिगड़ सकती है।

**वहीं सेवा देंगे आरएचओ**

जिला कार्यालय द्वारा अभी आरएचओ का संलग्नीकरण समाप्त करने संबंधी आदेश जारी किया गया है। आरएचओ आदेश के अनुसार पूर्व की तरह अपनी सेवाएं देते रहेंगे। अवकाश से लौटने के बाद में व्यवस्था देखता हूं।

-डॉ.बंटी बैरागी
बीएमओ, बिहारपुर



## शासकीय मिडिल स्कूल के परीक्षा हॉल में गिरा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब कक्षा में परीक्षा के दौरान अचानक खिड़की के ऊपर का प्लास्टर भरभराकर गिर पड़ा। इस अप्रत्याशित घटना में कक्षा 9 वीं की दो छात्राएं मीरा सिंह और नेहा को चोटें आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना दोपहर करीब 2 बजे की है, जब छात्राएं अपनी कक्षा में बैठकर परीक्षा दे रही थीं। इसी दौरान खिड़की के ऊपर का पुराना और जर्जर प्लास्टर अचानक टूटकर नीचे गिर गया।

- दो छात्राएं हुईं चोटिल

प्लास्टर के मलबे की चपेट में आने से मीरा सिंह और नेहा को चोटें आईं, जिससे कक्षा में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि दोनों छात्राओं की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है, लेकिन इस घटना ने स्कूल की भवन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है, जिसकी मरम्मत को लेकर कई बार शिकायतें भी की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस हादसे ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल भवन की तत्काल जांच कराई जाए और आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द से जल्द कराया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी है।

## हैंडपंप चलाने की बात पर हुआ विवाद, ग्रामीण ने युवक पर टांगी से किया प्राणघात हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हैंडपंप चलाने की बात को लेकर हुए विवाद से नाराज जंगल का परेदारी करने वाले ग्रामीण ने टांगी से युवक पर प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम पटोरा जोबला पारा निवासी राकेश आ. स्व. बनारसी घासी (20 वर्ष) 29 मार्च को गांव के ही धरम साय व संजय के साथ ग्राम करेसर गए थे। जैसे ही तीनो युवक ग्राम करेसर अटल चौक के समीप पहुंचे तभी राकेश को प्यास लगने पर चौक के समीप हैंडपंप में पानी पीने गया और हैंडपंप के समीप मौजूद जंगल का पहरा करने वाला बुरसाय को हैंडपंप चलाने के लिए कहा। जिस पर ग्रामीण ने गाली गलौज करते हुए हैंडपंप को चलाने से मना कर दिया जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया है कि ग्रामीण ने अपने पास रखे टांगी से राकेश के पैर में प्राणघात हमला कर दिया जिससे राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख संजय व धरमसाय सहित गांव के लोगों ने घायल को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित थाने में डायरी भेजने की तैयारी शुरू कर दी।

## महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव सकल जैन समाज द्वारा भव्य एवं धूमधाम से मनाया गया। प्रातःकाल चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, चोपड़ा पारा में सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का भव्य अभिषेक एवं पूजन किया गया। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी के उपदेशों के उद्घोष के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई।



शोभायात्रा में सकल जैन समाज की महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा महावीर स्वामी के छायाचित्र पर श्रीफल अर्पित कर आरती की गई। शोभायात्रा चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, देवीगंज रोड, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, गुदरी चौक एवं जोड़ा पीपल मार्ग होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में सकल जैन समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सायंकाल भगवान महावीर स्वामी की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन, श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप कोचेटा, समाज के वरिष्ठ, पदाधिकारी, महिला मंडल की समस्याएं एवं प्रामाणिक पाठशाला के छात्र-छात्राओं सहित सकल जैन समाज के सभी सदस्य मौजूद रहे।



## बर्ड फ्लू को लेकर प्रशासन अलर्ट जिले में नहीं मिला कोई मामला

**सूरजपुर।** बिलासपुर जिले स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि होते ही जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग हरकत में आ गया है। हालांकि जिले में अब तक इस बीमारी का एक भी मामला सामने नहीं आया है, किंतु एहतियात के तौर पर व्यापक निगरानी तंत्र तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दिया गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार एवियन इन्फ्लूएंजा मुख्यतः अधिक घनत्व वाले कुक्कुट फार्मों, जंगली प्रवासी पक्षियों और घरेलू पक्षियों के माध्यम से फैलती है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है तथा विकासखंड स्तर पर भी टीमें तैनात की गई हैं। साथ ही वन विभाग, पंचायत एवं नगरीय निकायों को भी अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। पशु चिकित्सा विभाग ने लोगों से कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में पक्षियों की असामान्य एवं अधिक संख्या में मृत्यु होती दिखे, तो घबराएं नहीं। तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सा संस्थान से संपर्क करें अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर पर प्रभारी अधिकारी डॉ. विशाल प्रसाद को सूचित करें।

## जयनगर बाजार के समीप कोयला लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक समेत दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी खदान से कोयला लोडकर रायगढ़ जा रहा ट्रक एनएच 43 पर जयनगर बाजार के पास अनियंत्रित होकर पलट गया, दुर्घटना में चालक समेत दो लोगों को गंभीर चोट आई है।

- केतकी खदान से कोयला लोडकर रायगढ़ जाने निकला था ट्रक, घायलों को अस्पताल कराया गया भर्ती

गौरतलब है कि एन एच 43 पर रविवार की रात करीब 10 बजे केतकी खदान से कोयला लोडकर रायगढ़ जा रहा ट्रक क्रमांक 15 डीएफ 9308 का चालक तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर जयनगर बाजार के पास कलाम फल दुकान के सामने अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रक सवार सीतापुर क्षेत्र के ग्राम सहनपुर निवासी 24 वर्षीय रविन्द्र यादव पिता कृष्णा प्रसाद व 22 वर्षीय नीरज यादव पिता नंदलाल को गंभीर चोट आई है,जिन्हें जयनगर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में ले जाकर भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के दौरान ट्रक की गति काफी तेज थी, जिस वजह से उक्त दुर्घटना टर्निंग मोड़ के पास घटित हुई है। लोगों का कहना है कि फल दुकान व आसपास के दुकानों के बंद रहने की वजह से एक बड़ी अनहोनी टल गई,दुर्घटनाग्रस्त वाहन अंबिकापुर तजेंद्र सिंह की बताई जा रही है।





## शार्ट सर्किट से गरीब मजदूर महिला का घर जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 7 में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब शार्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक गरीब मजदूर महिला का घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना को देख गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक घर में रखे नकदी समेत लगभग एक लाख कीमत के सामान जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार राधा सरकार के घर में शार्ट सर्किट होने के कारण अचानक आग लग गई जिससे घर में रखा सारा सामान जल गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली सप्लाई बंद करवाई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर के अंदर रखा राशन, पलंग, कपड़े, बिस्तर और के अलावा लगभग 7 हजार रुपए सहित लगभग 1 लाख कीमत का सामान जलकर नष्ट हो चुका था। बताया जा रहा है कि राधा सरकार मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। इस हादसे के बाद उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पार्षद अर्जुन दास सहित बड़ी संख्या में वार्ड के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित महिला ने प्रशासन और समाज सेवियों से मदद की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

- नकदी व सामान जलकर खाक

## हिरणों की मौत का कारण अविश्वसनीय, कई विवादास्पद तथ्य भी आ रहे सामने : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संजय पार्क के बाड़े में 15 हिरण और कोटरा की संदिग्ध मौत के मामले में सोमवार को कांग्रेस द्वारा गठित जांच समिति ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने घटना स्थल के साथ ही जानवरों को रखने वाले बाड़े, दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ ही समिति के लोगों के बयान दर्ज किए। इस दौरान कांग्रेस ने घटना स्थल को देखने और घटना के कारणों को लकर किए जा रहे दावों के बाद हिरणों की मौत को संदिग्ध बताया है।

- कांग्रेस की जांच टीम पहुंची संजय पार्क, डीएफओ से की मुलाकात

बता दें कि संजय पार्क में 15 हिरणों की मौत के मामले में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपने दौरे के दौरान ही छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में 6 सदस्यीय जांच कमेटी में शामिल कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्र, जिला कांग्रेस के महामंत्री हेमंत तिवारी एवं अनूप मेहता ने सोमवार को संजय पार्क में घटनास्थल बड़े का अवलोकन करने के साथ ही इस पार्क की देखभाल करने वाली कमेटी के अध्यक्ष और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। जांच दल ने उन स्थलों को भी देखा जहां मृत वन्यजीवों को रखा गया, उनका पोस्टमार्टम किया गया और जहाँ उनका दाह संस्कार किया गया। जांच दल ने डीएफओ से मुलाकात कर संजय पार्क की व्यवस्थाओं के लिए जवाबदेह कमेटी की वैधानिकता को जानने के साथ ही साथ वैन विभाग के दायित्वों को लेकर भी उनसे सवाल किया। जांच दल ने मृत वन्यजीवों के संदर्भ में हुई वीडियो ग्राफी के साथ ही साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट की भी मांग किया है। जांच दल शीघ्र ही अपनी जांच रिपोर्ट को प्रदेश अध्यक्ष को सौपने के साथ ही सार्वजनिक भी करेगा। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि हिरणों के बाड़े में कुत्तों के प्रवेश का जो स्थान बताया जा रहा है वो कुत्तों के प्रवेश की दृष्टि से अविश्वसनीय प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी कहा कि संजय पार्क की देखभाल करने वाली कमेटी और इसपर काबिज होने को लेकर कई विवादास्पद तथ्य सामने आ रहे हैं। जांच दल के साथ चर्चा में डीएफओ ने भी इसे स्वीकार किया है। कमेटी के लोग बता रहे है कि पहले से आवारा कुत्ते घुसते थे इसके बाद भी जानवरों की सुरक्षा नहीं हो पाई तो विभाग और समिति सभी जिम्मेदार है। शफी अहमद ने बताया कि बेजुबान हिरणों की मौत घोर लापरवाही है। वन प्रबन्धन समिति के लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि हमारा कोई अनुबंध नहीं है की किन कामों को करना है। बस एक पत्र दे दिया है। आए दिन कुत्ते घुस रहे थे तो बाउंड्री वाल का निर्माण क्यों नहीं हुआ और सुरक्षा की व्यवस्था क्यों नहीं की गई। इसके लिए उपर से नीचे तक सभी अधिकारी जिम्मेदार होंगे। तृतीय वर्ग के कर्मचारी पर कार्रवाई कर लीपा पोती का प्रयास किया जाएगा तो कांग्रेस पार्टी कार्रवाई करेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जेपी श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, महामंत्री आलोक सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आशीष जायसवाल आदि मौजूद थे।



## बंद पड़ी एसईसीएल खदानों में बढ़ रही चोरी की घटनाएं

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की कुमदा 7-8 खदान और बलरामपुर खदान पिछले लगभग एक वर्ष से सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) के अभाव में बंद पड़ी हैं।

कोल उत्पादन बंद होने के बावजूद इन खदानों में सैकड़ों कर्मचारी व अन्य कम्पनी सुरक्षाकर्मी पदस्थ हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था व मैनेजमेंट कमजोर पड़ने से यहां चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, बीती रात कुमदा 7-8 खदान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सब-स्टेशन में लगा ऑयल सर्किट ब्रेकर (ओसीबी) चोरी कर लिया,यह उपकरण उच्च वोल्टेज विद्युत प्रणाली में शॉर्ट सर्किट के दौरान बिजली प्रवाह को नियंत्रित करने वाला महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण होता है,खदान प्रबंधन ने इस संबंध में बिश्रामपुर पुलिस को लिखित सूचना दी है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि दोनों बंद खदानों में आए दिन कबाड़ चोर घुसकर बेशकीमती मशीनरी कल्पुर्जे और अन्य सामान चोरी कर ले जा रहे हैं,आरोप है कि कई मामलों में कम्पनी प्रबंधन द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई जाती, जिससे चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है।



# अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

लाइफ Style



# सयानी

## अभिनेत्री से प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठीं

अभिनेत्री सयानी गुप्ता अब अदाकारा से निर्माता बनने की तरफ बढ़ गई हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है। साथ ही अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाले पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने आर्टिकल 15, जॉली एलएलबी 2, फैन और पार्च्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वे बतौर निर्माता अपने कॅरियर की शुरुआत कर रही हैं। सयानी ने अपना प्रोडक्शन हाउस, 'सयानी गुप्ता मूवीज' लॉन्च किया है। इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' से हो रही है, जो इस बैनर के तहत बनने वाला पहला प्रोजेक्ट है। फिल्मों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर एक दशक से ज्यादा समय तक काम करने के बाद अभिनत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि प्रोडक्शन की तरफ उनका यह कदम इसलिए है, क्योंकि अब वे स्टोरीटेलिंग में ज्यादा शामिल होना चाहती हैं। सयानी ने कहा, 'यह मेरा एक पुराना सपना रहा है। मैं हमेशा से कुछ खास तरह की कहानियां कहना चाहता थी और इसका मकसद सहयोग के लिए एक ऐसा माहौल बनाना है, जो काम को सरल और सहज बनाए। हम धीरे-धीरे, लेकिन लगातार आगे बढ़ेंगे। एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर ध्यान देंगे। हमारे लिए लेखन की गुणवत्ता, कला और कहानी कहने का तरीका हमेशा पहले रहेगा। ऐसा करने के लिए, हर प्रोजेक्ट को सही समय, देखभाल और पूरा ध्यान देना जरूरी है'।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर के सेट पर हुईं घायल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। लेकिन, इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं।




# ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए थे मशहूर...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स डुओंग का 42 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए निधन हो गया। वह 'ब्लू ब्लड्स' की भूमिका के लिए मशहूर थे। वह लॉस एंजिल्स में रहते थे। एलेक्स डुओंग अपनी बेहतरीन कॉमेडी, लेखन और अभिनय के लिए मशहूर थे। उन्हें 'ब्लू ब्लड्स', 'प्रिटी लिटिल लायर्स', 'डेक्सटर' जैसी कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एलेक्स कॉमेडी जगत में बहुत सक्रिय थे। 2021 से वे लॉस एंजिल्स के प्रसिद्ध कॉमेडी स्टोर में डोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में उनके फायदे के लिए एक विशेष कॉमेडी शो भी आयोजित किया गया था, जिसमें कई कॉमेडियन ने हिस्सा लिया। पिछले साल एलेक्स को एक खतरनाक कैंसर (एल्वियोलर रैबडोमायोसारकोमा) का पता चला था, जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।



# अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं।



# 10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

टीवी मसाला



# दो आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

**नई दिल्ली।** टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था। स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया गया। ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है। फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं, 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था।

## टीवी पर दस्तक देने आ रही धुरंधर

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां 'धुरंधर 2' देखने के लिए लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं, इसी बीच अब धुरंधर को आप घर बैठे देख सकते हैं। धुरंधर का वर्ल्ड टीवी प्रीमयर होने जा रहा है। 'धुरंधर' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 30 मई को शाम 7 बजे स्टार गोल्ड, स्टार गोल्ड 2 और कलर्स सिनेप्लेक्स पर एक साथ दिखाया जाएगा। मतलब एक साथ ये फिल्म तीन अलग-अलग चैनलों पर आएगी। बताया गया है कि मेकर्स ने धुरंधर के इस प्रीमियर के लिए काफी तैयारियां की हैं। इसके लिए अलग से कैंपेन भी चलाया गया है, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल धुरंधर के प्रीमियर की तैयारी चल रही है। अभी मार्च खत्म नहीं हुआ और इसके टीवी प्रीमियर का ऐलान किया है। प्रीमियर 30 मई को किया जाएगा यानि करीब एक महीने से ज्यादा का वक्त अभी बाकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया था।



# मामला लीगल है सीजन 2 से टोस्टर तक, इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सोमवार से एक नया वीक शुरू हो गया है। दो दिन बाद नए महीने की आमद होगी और इसी के साथ नई-नई फिल्मों की रिलीज भी। सिनेमाघरों में सिर्फ एक ही फिल्म छाई है, धुरंधर 2। संभव है कि आपने इसे देख लिया हो। अगर आप थिएटर जाकर सिनेमा देखने के शौकीन नहीं हैं और घर बैठे ही कुछ दिलचस्प देखना चाहते हैं तो इस बार की लिस्ट आपको खुश करने वाली है।*

## हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस

फिल्म 'हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस' इस साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें वीर दास लीड रोल में हैं, साथ ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनका कैमियो भी है। इसके अलावा उनके भांजे इमरान खान भी फिल्म में नजर आए हैं। यह फिल्म 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

## सितारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' इस वीक ओटीटी पर दस्तक दे रही है। बच्चों के साथ इसे देख सकते हैं। आरएस प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है। इसमें जैनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म बीते वर्ष जून में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसे ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इमोशंस से भरपूर यह फिल्म 2 अप्रैल से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।



## मामला लीगल है सीजन 2

साल 2024 में आई कॉमेडी कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज 'मामला लीगल है' खूब पसंद की गई। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। एक बार फिर पटपड़गंज जिला कोर्ट के सबसे जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी (रवि किशन) लौट रहे हैं। राहुल पांडे के निर्देशन में बनी 'मामला लीगल है सीजन 2' नेटफ्लिक्स पर 3 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

## वध 2

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता अभिनीत फिल्म 'वध 2' थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 'वध' का ही सीक्वल है। 'वध 2' 03 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...

**मुंबई।** मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या, स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी। विनीत कुमार सिंह ने पिछले साल आई विक्की कौशल की ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा में कवि कलश की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई थी। अब विनीत कुमार सिंह के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। विनीत कुमार सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज हेलो बच्चों में नजर आए थे।



## 200 फिल्में, अनगिनत किरदार और एक स्टार

# सिनेमा का वो रावण, जिसकी आवाज से थरति थे दर्शक

*नई दिल्ली। बड़ा पर्दा और उस पर आने का ख्वाब कई लोगों के दिल में रहता है। सिनेमा में अबतक कई स्टार्स आए जिन्होंने अपने इस ख्वाब को पूरा भी किया। हमने अबतक कई कहानियां देखी और सुनी हैं। हिंदी सिनेमा के एक ऐसे स्टार के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे असल में रामायण का रावण कहा गया। महज 15 फिल्मों में काम करने वाला वो एक्टर भारतीय सिनेमा का पहला 'रावण' था, जिसने उसे हर तरफ पहचान दिलाई।*

## कौन थे बी.एम. व्यास?

जिन एक्टर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, उनका नाम बी.एम. व्यास यानि बृजमोहन व्यास। वही, बृजमोहन व्यास जो अपनी रौबदार आवाज से हर किसी को एक पल के लिए डरा देते थे। बृजमोहन व्यास का जन्म 22 अक्टूबर 1920 को राजस्थान के चूरू जिले में हुआ था। ब्राह्मण परिवार में जन्मे बृजमोहन व्यास बेहद सरल और शांत स्वभाव किस्म के व्यक्ति थे। उन्हें शुरू से ही कला से बेहद लगाव था। कहा जाता है कि शुरुआत से ही उन्हें बनना तो सिंगर था, लेकिन बन वो एक्टर गए और सिनेमा में फिर उन्होंने रावण का किरदार निभाकर ऐसी छाप छोड़ी कि हर कोई देखता रह गया।

## ऐसे स्टार बने

फिल्मों में आने से पहले उन्होंने संगीत की और अच्छे से शिक्षा ली। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई गाने भी गाए। 1940 के दशक में व्यास जी एक सिंगर के तौर पर पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर से जुड़ गए और यहां उन्होंने पहले नाटक शकुंतला में भाग लिया। जब वो इस नाटक में काम कर रहे थे, तो उनकी संस्कृत देख हर कोई चकित रह गया। बाद में उनकी इसी संस्कृत के चलते उन्होंने फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद करीब दस सालों तक वो पृथ्वी थिएटर का हिस्सा बने रहे और देशभर के दौरों पर गए। इस दौरान एक अभिनेता और संगीतकार, दोनों के रूप में उनकी खूब सराहना हुई।



## संस्कृत और हिंदी भाषा पर अच्छी थी पकड़

थिएटर और नाटकों में काम करने के बाद उनकी पहचान बन चुकी थी। उनकी संस्कृत और हिंदी भाषा पर पकड़ अच्छी थी तो वहीं उनकी रौबदार आवाज का भी अलग ही जादू था। इसी के चलते उन्होंने कुछ फिल्मों में भी काम किया और 1944 की फिल्म भर्तृहरि से पहली बार प्लेबैक सिंगर के रूप में उन्होंने अपनी आवाज रिकॉर्ड की। पहले आप (1944) और महाराणा प्रताप (1946) जैसी कुछ और फिल्मों के लिए भी उन्होंने गाने रिकॉर्ड किए। आखिरकार वो वक्त आया, जब उन्हें एक अभिनेता के तौर पर पर्दे पर काम करने का मौका मिला। चेतन आनंद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इंडिया पिक्चर्स से बतौर प्रोडक्शन मैनेजर जुड़ गए। इसी कंपनी की साल 1946 में आई पहली फिल्म नीचा नगर से बी.एम व्यास ने छोटा सा किरदार निभाकर एक्टिंग वाला सपना भी पूरा कर लिया। इसके कुछ सालों बाद वो आग (1948) और बरसात (1949) जैसी फिल्मों में नजर आए।

## रावण ने किरदार ने दिलाई पहचान

*बी.एम व्यास ने अपने कॅरियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन असली पहचान उन्हें संपूर्ण रामायण से मिली। बाबूभाई मिस्त्री की फिल्म 'संपूर्ण रामायण' साल 1961 में आई थी। इस फिल्म में बी.एम व्यास ने रावण का किरदार निभाया। ये किरदार इतना ब्लॉकबस्टर हुआ कि हर किसी ने उनकी खूब तारीफ की। पौराणिक फिल्म में उनके इस काम के चलते ही उन्हें कई ऐसी पौराणिक कथाओं पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिले। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्में कुछ इस प्रकार रहीं- बरसात (1949), आवारा (1951), मुगल-ए-आजम (1960), महल (1969), सरस्वतीचंद्र (1968)।*

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं काफी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना तथा घर और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई, इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र एवं मुख्य अतिथि पवन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, व्यवहार एवं उनके समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी देते हुए अभिभावकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी बताया गया कि नियमित उपस्थिति, समय पर गृहकार्य और सकारात्मक वातावरण बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र ने विद्यालय की वर्तमान गतिविधियों, हाल ही में प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संस्कार और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्य अतिथि पवन सिंह ने कहा कि बच्चों की शिक्षा केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें अभिभावकों की भी समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें और उनकी पढ़ाई में रुचि लें। बैठक के दौरान अभिभावकों ने भी अपने सुझाव साझा किए और विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए शिक्षकों के साथ हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल ग्रेजुएशन का समारोह



**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। यह विशेष अवसर नन्हे-मुन्नों के शैक्षणिक जीवन की पहली बड़ी उपलब्धि का साक्षी बना, जहां खुशियों, भावनाओं और अभिभावकों के गर्व का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा हॉल उत्साह से ओत-प्रोत था, मानो छोटे-छोटे कदमों ने नई उड़ान का संकल्प ले लिया हो। इस आयोजन की सराहनीय विशेषता यह रही कि विद्यालय ने अपने ही छात्रों के अभिभावकों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें नगर पंचायत झगराखंड से विधायक प्रतिनिधि उमेश कुमार जायसवाल, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद मोहम्मद इमरान खान, आत्मानंद स्कूल चिरमिरी के प्रिंसिपल शुभम अग्रवाल तथा भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षक जेएस आर पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन विद्यालय की कॉर्डिनेटर्स ऋचा गुप्ता एवं निशि विश्वकर्मा ने बखूबी किया। यह संपूर्ण आयोजन विद्यालय के संचालक मो. फिरोज एवं रुहीन मंसूरी के कुशल मार्गदर्शन में संभव हो सका। इस सफलता में विद्यालय की समर्पित टीम इलियास खान, रोहिणी फर्कसे, तसलीम मंसूरी, नंदनी विश्वकर्मा, खुशी गुप्ता, अनामिका आईंद, श्रद्धा साव, विमला दाहिया, आयशा खातून, जागृति, साक्षी सिंह, तिसा गोयल, निकुंज गोयल, सुप्रिया साहू, भानुप्रिया, करूनन, उमा तिवारी, शांति जायसवाल, सुशीला के अथक प्रयासों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

## श्री जैन श्वेताम्बर संघ मनेन्द्रगढ़ ने मनाई जयंती

# अहिंसा ही मानव का सर्वोच्च धर्मः दुग्गड़





**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

श्री जैन श्वेताम्बर संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा नगर भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत मंगलवार को प्रातः गुरूनानक चौक से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। यह शोभायात्रा भगत सिंह चौक, गांधी चौक, झारखंड रोड होते हुए ओसवाल भवन पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु अहिंसा और शांति के संदेश से जुड़े नारे लगाते हुए चल रहे थे। पुरूष-महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ा रहे थे।

शोभायात्रा के पश्चात ओसवाल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें प्रमिला कातेला, उमा सोनावत, रिंकू बोथरा सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान देते हुए प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के उपरांत उद्बोधन का क्रम प्रारंभ हुआ। श्री जैन श्वेताम्बर संघ के अध्यक्ष उत्तम दुग्गड़ ने अपने संबोधन में भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिंसा ही मानव जीवन का सर्वोच्च धर्म है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में महावीर स्वामी के विचारों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में शांति और सद्भाव कायम रह सके। सुंदरलाल दुग्गड़ ने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह का जो संदेश दिया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में इन मूल्यों को अपनाकर एक आदर्श समाज का निर्माण करें। पंकज जैन संचेती ने कहा कि महावीर स्वामी का जीवन हमें त्याग, संयम और आत्मानुशासन की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से इन आदर्शों को अपनाने की सलाह दी, ताकि वे एक सशक्त और नैतिक समाज का निर्माण कर सकें। ललिता संचेती ने कहा कि व्यशन मुक्त समाज निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि घर-परिवार में संस्कारों की नींव मजबूत होगी, तो समाज स्वतः ही व्यशन मुक्त सशक्त और अनुशासित बनेगा। इस अवसर पर संघ के सचिव विमल छाजेड़, आनंद बोथरा, डालचंद कतेला, जितेन्द्र चोपड़ा, राजेश कुम्भट, मुकेश जैन, राजेन्द्र बोथरा, रौनक बोथरा सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के तहत सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यो के सम्मान के लिए 29 मार्च को शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के ऑडोटोरियम में संभाग स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कोरिया जिले के वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के दूरस्थ ग्राम सुंदरपुर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के प्राचार्य बीपी सिंह को उनकी सेवा के लिए शिक्षा श्री व उत्कृष्ट प्राचार्य के सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान से कोरिया जिले के शिक्षा विभाग भी गौरवान्वित हुआ है। जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि मंत्री पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास राजेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद सरगुजा चिंतामणी महाराज एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र सुंदरपुर स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के प्राचार्य भंवरपाल सिंह को उनके विशिष्ट सेवाओं, उत्कृष्ट प्रबंधन, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं शैक्षणिक सुधारों के लिए संभाग स्तर पर शिक्षा श्री एवं उत्कृष्ट प्राचार्य के सम्मान से उपायुक्त सरगुजा संभाग श्रीमती शारदा अग्रवाल एवं संयुक्त संचालक शिक्षा संजय कुमार गुप्ता द्वारा शाल-श्रीफल एवं सम्मान निधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। भंवरपाल सिंह को संभाग स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा श्री एवं उत्कृष्ट प्राचार्य का सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों के साथ कोरिया के शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही सुंदरपुर संकुल क्षेत्र के जनप्रतिनधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में भी हर्ष व्याप्त है।

### कडे चयन मानक व प्रतिस्पर्धा में चुने-

मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के तहत शिक्षा श्री एवं उत्कृष्ट शिक्षक, प्राचार्य के चयन के लिए चयन की प्रक्रिया मानक कड़ी एवं प्रतिस्पर्धापूर्ण थी। सरगुजा संभाग के प्रत्येक जिले से सिर्फ एक-एक शिक्षकों को भी उक्त सम्मान के लिए चुना जाना था। चयन मानक में साल भर की उपलब्धियां, परीक्षा परिणामों में सुधार, नवाचारों सहित अन्य आधार पर कड़े चयन मानक एवं मुकाबले में हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के प्राचार्य बीपी सिंह का जिले के सर्वश्रेष्ठ में चुना जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। जानकारी के अनुसार उक्त पुरस्कार के लिए सरगुजा संभाग के प्रत्येक जिले से एक शिक्षक को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

### शिक्षण व्यवस्था एवं नवाचार का मिला फल-

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के प्राचार्य बीपी सिंह को उनके शिक्षण व्यवस्था, नवाचार, कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन के अलावा अनुशासन खेलकूद के साथ सांस्कृति कार्यक्रमों में भी हायर सेकेंडरी विद्यालय सुंदरपुर के विद्यार्थियों ने कोरिया जिले में अपनी अलग पहचान बनाई। पुरस्कार के लिए गठित चयन समिति ने विभिन्न पहलुओं को आधार मानकर प्राचार्य बीपी सिंह को कोरिया जिले के श्रेष्ठ शिक्षक के पुरस्कार के लिए चुना गया।

### मॉडल विद्यालय बनाने का है लक्ष्यः प्राचार्य

संभाग स्तर पर शिक्षा श्री एवं उत्कृष्ट प्राचार्य का सम्मान प्राप्त करने पर हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के प्राचार्य बीपी सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार भले ही मुझे मिला हो, लेकिन मिला पुरस्कार विद्यालय के भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को समर्पित है। जिन्होंने शिक्षा गुणवत्ता बनाए रखने के अलावा अन्य कार्यों में मेरा सहयोग किया।

# अहिंसा के संदेश से गूंजा शहर, जिले में धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती






**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सकल जैन समाज बैकुंठपुर के तत्वाधान में स्वामी महावीर की शोभायात्रा वाहन में सजाकर बाजारपारा से शहर क्षेत्र में निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। जिओं और जीने दो के नारों के साथ जैन समाज का शोभायात्रा अपने निर्धारित स्थल से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए गंतव्य तक जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल लोगों के द्वारा जिओं और जीने दो का संदेश देते रहे। शोभयात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। इसमें जैन समाज के महिला-पुरूष काफी संख्या में शामिल हुए, जो महावीर स्वामी के विचारों से प्रभावित होकर लोगों को जिओ और जीने दो का संदेश देते रहे।

# 24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर**

जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकरिहा श्रमिक नगर में हुई हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रमेश साहू निवासी श्रमिक नगर पकरिहा ने सूचना दी थी कि उसके भाई मनोज साहू उर्फ छोटे की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 स्टाफ एवं थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान रमेश साहू ने बताया कि शिवराम चौधरी उसके भाई मनोज साहू को यूकेलिप्टस के डंडे से पीट रहा था। इस दौरान शिवराम की मां रैमुन बाई भी हाथ-मुक्कों और डंडे से मारपीट कर रही थी। गंभीर चोट लगने से मनोज साहू बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसके बाद कुछ समय में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी रैमुन बाई को ग्राम पकरिहा से गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद फरार मुख्य आरोपी शिवराम चौधरी को भी कुछ ही घंटों में तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शिवराम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त यूकेलिप्टस का डंडा भी जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जिला जेल भेज दिया गया है।

# अवैध रूप से रखा 2 टन कोयला जब्त

**हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी**



क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया है। सोमवार देर रात करीब 11 बजे चरचा थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मैगजीन ग्राउंड स्थित बांस नर्सरी में दबिश देकर कोयले से लदा एक टाटा वाहन (सीजी 16 सीएस 3021) जब्त किया।

पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में वाहन से करीब 2 टन कोयला बरामद हुआ, जिसे बोरियों में भरकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कराया और आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आनंद सोनी के पदभार संभालने के बाद से ही क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। उनकी सक्रियता और कड़े रवैए के चलते अब तक कई कोयला तस्कर पकड़े जा चुके हैं, जिससे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों के अनुसार चरचा कॉलरी की बेल्ट लाइन और आसपास के क्षेत्र लंबे समय से कोयला माफियाओं के निशाने पर रहे हैं, जहां से अवैध उत्खनन कर कोयला बाहर भेजा जाता है। हालांकि, पुलिस की लगातार कार्रवाई से इन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लग रही है। पिछले कुछ महीनों में ही चरचा थाना पुलिस ने करीब चार वाहनों को जब्त किया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रूपए बताई जा रही है।

## खैर की अवैध तस्करी पर वन विभाग की कार्रवाई, ट्रक जब्त



**अनूपपुर।** जिले में वन विभाग ने अवैध खैर लकड़ी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक जब्त किया है। हालांकि ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। वन परिक्षेत्र बिजुरी के अंतर्गत 28 मार्च की रात वन विभाग की टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मौहरी गोढहा बसखली मार्ग से एक तेज रफ्तार ट्रक (क्रमांक एचआर 69 बी 6524) आता दिखाई दिया। टीम ने टॉर्च के संकेत से ट्रक को रूकवाया, लेकिन चालक वाहन खड़ा कर मौके से फरार हो गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 4 घन मीटर दुर्लभ प्रजाति के खैर की लकड़ी छोटे-छोटे टुकड़ों में कटी हुई पाई गई। वन विभाग ने ट्रक को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी में सुरक्षित रखा है और अज्ञात चालक के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी पवन ताम्रकार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि तस्करों के अन्य वाहन ट्रक के आगे-पीछे चल रहे थे, जिससे अवैध परिवहन को सुरक्षित किया जा सके।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नेता प्रतिपक्ष बोले...

काम कर रहे हैं। अब अगर कोई उनसे जलकर उनकी बुराई करता है, तो यह उनकी सोच है, हम तो उनके काम की सराहना ही करेंगे। डॉ. महंत ने न केवल मंत्री जायसवाल के कार्यों की तारीफ की, बल्कि उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस पूरे घटनाक्रम और नेता प्रतिपक्ष की प्रशंसा पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, डॉ. चरणदास महंत प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं, उनका स्नेह और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उनके शब्द मेरे लिए प्रोत्साहन की तरह हैं। हमारी सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का लक्ष्य अंत्योदय है। यानी कतार के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना। मैं एक सेवक के रूप में अपना कर्तव्य निभा रहा हूं। विभाग में सुधार एक सतत प्रक्रिया है और हम प्रदेश को स्वस्थ छग बनाने के लिए संकल्पित हैं। आलोचनाओं से विचलित हुए बिना मेरा पूरा ध्यान व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने पर है।

# दुर्ग आंदोलन में एमसीबी की भागीदारी

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



अफीम मामले में श्रीमती एकता साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के निलंबन के विरोध में चल रहे छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई दुर्ग के अनिश्चितकालीन आंदोलन में मंगलवार को जिला एमसीबी की ओर से सक्रिय सहभागिता दर्ज की गई।

इस अवसर पर छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव एवं जिलाध्यक्ष एमसीबी दीपक कुमार साहू ने कहा कि यह निलंबन केवल एक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं, बल्कि पूरे कृषि अधिकारी वर्ग के आत्मसम्मान पर आघात है। मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों को पर्याप्त संसाधन, तकनीकी मार्गदर्शन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना उनसे अपेक्षित परिणाम लेना और समस्याएं उठाने पर दंडित करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई का विरोध एवं कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही निलंबन वापस नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा। श्री साहू ने कहा कि यदि न्याय नहीं मिला तो जिला एमसीबी के साथ-साथ पूरा प्रांत अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर




### स्व. बिसाहू दास को कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**मनेन्द्रगढ़।** जिला एमसीबी के मनेन्द्रगढ़ स्थित सुरभि पार्क में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबूजी स्व. बिसाहू दास महंत की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सूरज महंत, जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

